संक्षिप्त

दो धार्मिक स्थलों में चोरी

दूदू, (निसं)। निकटवर्ती किशनपुरा गांव में चोरों के गिरोह द्वारा दो धार्मिक स्थलों व एक बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गांव में स्थित बालाजी के मन्दिर के मुख्य गेट को तोड़कर गैस कटर से दान पात्र काटकर नकदी चुरा ले गये। दूसरी वारदात में घनश्याम दास बाबा की बगीची में तिजोरी को गैस कटर से काटकर दोनों मंदिरों से करीब 50 हजार रूपये की राशि ले गये। तीसरी वारदात में रामराज के घर के बाहर खडी बाईक चुरा कर ले गये। घटना की रिपोर्ट मौजमाबाद पुलिस थाने में दर्ज की जाकर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

तीन दिन में दूसरी बार चोरी

रींगस, (निसं)। राजमार्ग पर अण्डर पास पर स्थित जैतूसर रोड पर स्थित ग्रीन कैफे में आज फिर से चोरी हो गई। चोरों ने यहां के ताले तोड़ते हुए नगदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। कैफे में तीन दिन में यह दूसरी चोरी है। इससे लोगों में हडकम्प मच गया।

पुलिस के साथ हाथापाई करने के आरोपी पिता व दो पुत्र गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। कपुलिस इन्हें आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी।

इस मामले के जांच अधिकारी बनेठा थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि 25 जून वांछितों को पकड़ने के लिए उनियारा थाना प्रभारी भोपाल सिंह, रतन लाल मीणा मय जाप्ता क्षेत्र में गए हुए थे। उनियारा थाना प्रभारी भोपाल सिंह उनियारा से गोडो की झोपडियां, मीणों की झोपडियां में तलाश करते हुए डाबला तिराहे पहुंचे।

इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ऑनलाइन ठगी करने वाले उनियारा थाना क्षेत्र के उदयपुरिया निवासी देशराज मीणा पुत्र हरजी राम मीणा अभी घर पर आया हुआ है। जिसके खिलाफ उनियारा थाने में भी शिकायतें है। गत दिनों देवरी में हुई फायरिंग करने के आरोपी नादान उर्फ लुक्का व हेमू बगडी भी इसके दोस्त है, वे देशराज के घर में हो सकते हैं। ऐसे में उन्हें का थाना प्रभारी भोपाल सिंह मय जाब्ते के देशराज के घर पहुंचे। जहां मकान के बरामदे में देशराज मीणा व उसके साथ भाई राजेंद्र, दिलकुश व उसका पिता हरजी राम बरामदे में बैठे हुए थे।

उनियारा थाना प्रभारी समेत पुलिस जाप्ता के साथ हाथापाई करने के मामले में पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी ने देशराज से ऑनलाइन ठगी और देवरी में हुई फायरिंग के मामले में पूछताछ की हरजीराम गुस्से में हो गया और पुलिस से कहा कि मेरे घर पर पुलिस कैसे आई । चुपचाप यहाँ से चले जाओ, वरना अच्छा नहीं होगा। यह सुनकर उनियारा थाना प्रभारी भोपाल सिंह ने कहा कि वे राजकार्य से आये। थाना प्रभारी ने हरजी राम को देशराज के खिलाफ उनियारा थाने में आया परिवाद दिखाया और कहा कि पूछताछ के लिए ले जाने आए है।

- वांछितों को पकड़ने गए पुलिस जाप्ते से की थी आरोपियों ने हाथापाई

इससे हरजीराम और भडक गया और घर के अंदर से महिलाओं को आवाज देकर बुला लिया।

इसी दौरान वहां बैठा राजेंद्र ने झपटा मारकर रतन लाल का गला पकड लिया और उसे दबाकर मारने की कोशिश की। इस दौरान बडी मुश्किल से गला छुडाया। फिर घर के अंदर से आई महिलाओं आदि ने थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। बाद में जैसे तैसे वहां से जान बचाकर थाने पहुंचे । फिर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ उनियारा थाना प्रभारी भोपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में कल पुलिस ने तीन आरोपी उदयपुरिया निवासी हरजीराम पुत्र सावंतराम मीणा व उसके बेटे राजेंद्र पुत्र हरजीराम मीणा, दिलकुश पुत्र हरजीराम मीणा को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया है।

जयपुर के दुर्गापुरा स्थित जादौन नगर ए में पिछले सात दिन से चल रही भागवत कथा का मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर भंड़ारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

रक्तदान शिविर 2 को

खैरथल, (निसं)। लायंस क्लब की ओर से दो जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। लायंस क्लब के सचिव लायन प्रमोद ओलानीया ने बताया कि क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट भानु प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में रीजन चेयरमैन अभिषेक गोयल के आतिथ्य में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।

सार-समाचार

गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर आयोजित

दौसा, (निसं)। गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि सामाजिक सौहार्द एवं सद्भावना के लिए गांधीवादी विचारों का प्रचार-प्रसार होना बहुत ही जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से महात्मा गांधी जी के जीवन मूल्यों को अपना कर समाज एवं क्षेत्र में शांति सद्भाव एवं भाईचारा के साथ रहने का आव्हान किया। जिलाध्यक्ष रामजी लाल ओड ने सत्य,शांति एवं अहिंसा युक्त समाज की संरचना करने एवं वर्तमान में जो नफरत व घृणा का माहौल देश प्रदेश में बनाया जा रहा है। ऐसे समय में गांधीवादी विचारों की व्यापकता पर बल दिया। जिले की पंचायत समिति सिकंदरा में शांति एवं अहिंसा विभाग की ओर से उपखंड स्तरीय एक दिवसीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामजीलाल जी ओड ने की।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के श्रीरामनगर स्थित हरसिद्धि हनुमान मन्दिर पर महन्त बृजभूषण दास महाराज, महन्त त्रिलोकी दास महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव एवं शिव रुद्राभिषेक का आयोजन सोमवार को प्रात: 10:15 कलश यात्रा के पश्चात कथा का आयोजन किया गया। मुख्य व्यवस्थापक युवराज मनमोहन दास एवं पण्डित महेश जोशी ने बताया कि सोमवार को प्रात: 10:15 पावर हाउस रोड स्थित श्री कुमावत समाज बालाजी बगीची से 151 महिलाएं कलश लेकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल सियाराम बाबा की बगीची हरसिद्धि हनुमान मन्दिर पहुंची। कलश यात्रा मन्दिर परिसर पहुंचने के बाद पूजा अर्चना कर श्रीमद्भगवत कथा का प्रारंभ व्यासपीठ पर बालस्वरूप भागवताचार्य चन्दन कृष्ण शास्त्री महाराज ने श्रीमद्भागवत आरती कर श्रीगणेश किया। भागवताचार्य शास्त्री ने सर्वप्रथम कलयुग में भागवत कथा सुनने का महत्व बडे सरल उपाय के रूप में बताया उन्होंने उपस्थित नर नारियों को बताया कि कलयुग में एक बार श्रीमद्भागवत कथा अवश्य सुननी चाहिए। इससे पापी से पापी व्यक्ति भी तर जाता है। कलश यात्रा के दौरान संतो एवं महन्तों के साथ पं महेश शर्मा गार्ड, ए एस मल्होत्रा,ओम प्रकाश, वीर सिंह बाबा, गोपाल लाल शर्मा, राजेश शर्मा, गोपी किशन टॉक, रूपेश मौर्य, मिश्रीलाल, सुरेश जांगिड के अलावा प्रखण्ड संयोजिका दुर्गा वाहिनी कुमारी, नेहा कुमावत व श्रीराम सेवादल की कार्यकर्ता उपस्थित रही।

साढे 8 बजे ईद की नमाज होगी

टोंक, (निसं)। ईदगाह में ईदुल अजहा की नमाज के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इसका ईदगाह कमेटी ने मंगलवार को जायजा लिया। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सचिव मोइनुद्दीन निजाम ने बताया कि ईदगाह में करीब 30 हजार से अधिक लोगों की नमाज के लिए पूरे इंतजाम है। लेकिन बारिश होने के कारण लोगों को अपने स्तर पर भी आवश्यक व्यवस्थाएं रखना चाहिए। यहां पर वुजू सहित जा-नमाज आदि के लिए तैयारियां की जा रही है। ईद की नमाज की तैयारियों का जायजा लेने के बाद मुफ्ती इस्लाहुद्दीन खब्जिर ने बताया कि ईदगाह बहीर में ईद की नमाज गुरुवार को सुबह साढे 8 बजे होगी। उसके बाद शाही जामा मस्जिद अमीरगंज में 9 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। इस मौके मुफ्ष्ती आदिल नदवी, नईमुद्दीन अपोलो, मुश्ताक हुसैन, असलम अंसारी, पूर्व पार्षद सआदत अली, हबीब मियां आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि ईद की तैयारियां बाजारों में भी नजर आई। लोग कपडे, चप्पल-जूते, फैंसी सामान सहित कई प्रकार के परिधान व सजावटी सामान आदि खरीदते नजर आए। कई जगह बकरों की खरीदारी भी हुई।

गुमशुदा युवक की बरामदगी की मांग

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा थाना क्षेत्र के टोरडी गांव से 23 जून को गुमशुदा हुए युवक की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों के साथ आये ग्रामीणों ने एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर,पंचायत समिति सदस्य भंवर चौधरी,एडवोकेट रघुवीर सिंह की अगुवाही में ग्रामीणों व परिजनों ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि 23 जून की दोपहर बाद घर से निकला युवक शुभम पुत्र नवलकिशोर जैन का कोई सुराग नहीं मिलने पर मालपुरा थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया था। लेकिन जांच अधिकारी द्वारा युवक की तलाश में बरती जा रही शिथिलता से युवक के साथ कोई अनहोनी को लेकर परिजन चिन्तित है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम महिपाल सिंह के साथ-साथ कक्ष में मौजूद डीवाईएसपी सुशील मान से जल्द युवक की बरामदगी की गुहार लगाई।

तारबन्दी योजना के संदर्भ में बैठक आज

टोंक, (निसं)। जिले में कांटेदार तार एवं सीमेन्ट पोल विक्रेताओं की बैठक बुधवार 28 जून कृषि विभाग के तत्वावधान में जिले में कांटेदार तार एवं सीमेन्ट पोल विक्रेताओं की बैठक आत्मा सभागार में बुधवार को प्रात: 11 बजे आयोजित होगी। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक केके मंगल ने बताया कि जिले को 13 लाख 7 हजार मीटर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसकी पूर्ति हेतु विभाग द्वारा कृषि पर्यवेक्षकों, सहायक कृषि अधिकारियों, कृषि अधिकारियों, सहायक निदेशको की बैठक के उपरान्त जिले में कांटेदार तारबन्दी, सीमेन्ट पोल निर्माता एवं विक्रेताओ की बेठक रखी गई है। गत वर्ष 1 लाख 96 मीटर के लक्ष्य दिये गये थे जिसमें शत प्रतिशत पूर्ति कर राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है।

रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

पावटा, (निसं)। श्री घीसाराम बोहरा वेलफेयर सोसायटी द्वारा 30 जून को होने वाले रक्तदान शिविर का झुन्डा वाले बालाजी मंदिर में लीलका धाम संत रामदास महाराज द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक जीएल यादव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव के जन्मदिवस पर हर वर्ष की भांति पावटा के एसएचएम कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर को लेकर मंगलवार को पोस्टर विमोचन किया गया। समाजसेवी रामचंद्र मीणा ने कहा कि इस प्रकार के कार्य मानव सेवा में सदैव सर्वोच्च स्थान रखते है। इस दौरान युवा नेता महेश सैनी, कैलाश हरबला, अनिल खातोदीया, विक्रम खातोदीया,मनीष हरबला, आदि उपस्थित रहे।

युवक पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

चाकसू, (निसं)। कस्बे के टोंक रोड स्थित एक ढाबे के सामने शनिवार रात्रि को एक युवक को चाकू मारकर जानलेवा हमला करने के आरोप में कस्बा पुलिस ने एक युवक को 3 दिन में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि परिवादी निर्मल कुमार मीणा ने थाना चाकसू रिपोर्ट पेश की जिसमें बताया गया कि में अपने मित्र मुकेश और आकाश के साथ मोटर साईकिल से जयपुर से टोंक जा रहे थे खाना खाने के लिए हम चाकसू के होटल पर रूके जहां खाना खाने के बाद होटल वालों को पैसे दिये तभी वहां एक लडका आया और आकाश को बोला कि तू मेरे को जानता नहीं में चाकसू का मिन्नू नागौरी हूं। मिन्नू नागौरी ने मेरे दोस्त आकाश के पेट में चाकू घोंप दिया जिससे आकाश के पेट फट गया।

मामला दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश कर गिरफ्तार करने के लिए भरत लाल मीणा पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर अजय शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू के सुपर विजन में थानाधिकारी भूरी सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर तलाश शुरू की और मुखबिर एवं संकलित सूचनाओं के आधार पर अपराधी शाहरूख उर्फ मिन्नू पुत्र बुन्दु खाँ उम्र 27 साल निवासी वार्ड नम्बर 17 नागौरी मोहल्ला चाकसू को टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी शाहरुख उर्फ मिन्नू नागौरी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की तो सामने आया कि शाहरूख उर्फ मिन्नू नें अपने अन्य साथी रिजवान उर्फ लल्ला और इस्लाम निवासी चाकसू के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है प्रथम दृष्टिया आरोप प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शाहरुख उर्फ़ मन्नू का आपराधिक रिकार्ड रहा है इसके विरुद्ध विभिन्न थानों में 20 प्रकरण दर्ज हैं आरोपी शाहरूख उर्फ मिन्नू आपराधिक प्रवृति का आदतन अपराधी है।

सी.एल.जी. की मिटिंग आयोजित

फुलेरा, (निसं)। स्थानीय पुलिस थाने पर मंगलवार को सायं 6 बजे सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान कई बिन्दुओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। वहीं बैठक में आगामी दिनों मे विभिन्न धर्मो के आयोजित होने वाले त्योंहारों को सौहार्दपूर्ण मनाने एवं शान्ति व्यवस्थाओ को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर थानाधिकारी यादव ने कहा कि सभी धर्मों के त्योंहार शान्ति और भाईचारे का पैगाम लेकर आते है। ऐसे में एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। कोई व्यक्ति कावड यात्रा निकालता है तो मानव धर्म कहता है कि कावड यात्रा यात्रा मे शामिल लोगों को रास्ता आदि की व्यवस्था को लेकर विवाद नही करना चाहिए। ठीक तरह यदि मुस्लिम समाज कोई जुलूस अथवा पदयात्रायें निकालते है तो उनका भी स्वागत-सत्कार करने से भाई-चारा बढता है। इसी क्रम में आगे कहा वाट्सअप पर यदि कोई व्यक्ति किसी धर्म या व्यक्ति विशेष को लेकर भडकाऊ अथवा गलत पोस्ट डालेगा तो उस पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

ग्रामीणों ने बाइक रैली निकाल गृह राज्यमंत्री का स्वागत किया

कोटपूतली, (निसं)। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क एवं विकास कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भुरी भड़ाज पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच रामजीलाल स्वामी के नेतृत्व में 5 किमी लम्बी बाईक रैली निकाल कर गाजे बाजे के साथ स्वागत किया।

साथ ही गांवों के विभिन्न अभाव अभियोगों को लेकर 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। जिसका राज्यमंत्री ने तत्काल समाधान करवाये जाने का भरोसा दिलवाया। ग्रामीणों ने भी हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेश गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, पीसीसी मेम्बर नरसी गुर्जर, सहकारिता निरीक्षक ओ.पी. यादव, छीत्तरमल सैनी, टसकोला सरपंच भैंरूराम हुल्डा, भुरी भड़ाज के पूर्व सरपंच रामजीलाल स्वामी, बूलाराम स्वामी, मुकेश, महेन्द्र गुर्जर, विजेन्द्र धानका, भगवान सहाय, युवा नेता सुभाष स्वामी, हरिराम स्वामी, त्रिलोक आर्य, राजू पंच, अमित आर्य, बुधराम, महेश पटवारी, प्रहलाद दास समेत बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- विभिन्न अभाव अभियोगों को लेकर 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा

ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज में क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

छात्रावास में पुलिस ओ.एस.डी. के कार्यालय का विरोध

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के तहत संचालित यहां के मुख्य चौराहे पर एलबीएस मार्केट स्थित राजकीय महाविद्यालय के छात्रावास नं. 01 में प्रस्तावित पुलिस ओएसडी का कार्यालय खोले जाने को लेकर छात्रावास के छात्रों का विरोध सामने आया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली-बहरोड़ को नया जिला घोषित करते हुए विभाग अनुसार ओएसडी की तैनाती की जा रही है। इसी क्रम में प्रशासनिक ओएसडी के पद पर आईएएस शुभम चौधरी को तैनात किया गया है, जिनका कार्यालय अस्थाई तौर पर नगर परिषद कार्यालय से संचालित किया जा रहा है। वहीं पुलिस ओएसडी के तौर पर आईपीएस रंजिता शर्मा की तैनाती की गई है जो वर्तमान में एएसपी कार्यालय से अपना कामकाज देख रही है। प्रशासन ने एलबीएस मार्केट स्थित कॉलेज छात्रावास नं. 01 को पुलिस ओएसडी के अस्थाई कार्यालय के तौर पर चयनित किया है।

- छात्र नेताओं की अगुवाई में छात्रावास के विद्यार्थियों ने ओएसडी व कार्यवाहक प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

बताया जा रहा है कि छात्रावास के विधार्थियों को महाविधालय प्रशासन द्वारा छात्रावास भवन खाली किये जाने को लेकर भी कहा जा रहा है। वर्तमान में करीब 18 विधार्थी उक्त छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रहे है। इसी को लेकर मंगलवार को पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेन्द्र गुर्जर, कमल सैनी व राजेश रावत के नेतृत्व में विधार्थियों ने प्रशासनिक ओएसडी शुभम चौधरी व कार्यवाहक प्राचार्य एस.के. सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संजय कुमार मीणा, जतिन गुर्जर, मोहित, सुभाष, लोकेश, सचिन, हिमांशु वर्मा आदि छात्रों ने बताया कि उक्त समाचार से छात्रावास में रह रहे विधार्थी अवसाद की स्थिति में है।

अगर छात्रावास भवन खाली करवाया गया तो विधार्थियों को मजबुरन घर वापस लौटना पडेगा जिससे उनकी पढाई चौपट व भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। ज्ञापन में छात्रावास भवन से ना निकाले जाने की मांग की गई है। वहीं इस सम्बंध में छात्र नेताओं का यह भी कहना था कि कस्बे में और भी जगह खाली पडी है, जहां कार्यालय खोला जा सकता है।

दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल दी

पावटा, (निसं)। ब्लॉक पंचायत समिति सभागार में सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर सेवा और समर्पण अभियान से प्रेरित होकर व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड द्वारा के प्रयासों से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के स्पीड योजना के अंतर्गत सामाजिक सशक्तिकरण हेतु मंगलवार को पावटा प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता जगन चौधरी द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस दौरान पावटा प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता जगन चौधरी ने कहा कि दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में लाने व स्वावलंबी बनाने के लिए हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दे रहे हैं। आज पहली बार बैट्री युक्त साइकिल दी जा रही है।

11 लाख आहुतियों के साथ महायज्ञ सम्पन्न

बहरोड़/ अलवर, (निसं)। हरसोरा बानसूर के डूंगरी वाले बालाजी मंदिर पर 9 दिन से चल रहे 11 कुंडीय महायज्ञ के समापन में मंगलवार को यज्ञ सम्राट तपस्वी श्यामदास त्यागी के सानिध्य में संचालक कृष्णकांत व आचार्य विकास शास्त्री, निर्मल शास्त्री तथा मारुति बाबा के निर्देशन में गौ रक्षक भाजपा कार्यकर्ता प्रधान यजमान सपत्नीक आशा जितेंद्र शर्मा की सवा 11 लाख आहुतियों से पूर्णाहुति व महाआरती करते भंडारे का आयोजन कर प्रसादी वितरण करते महायज्ञ का समापन किया गया।

जिसमें ग्रामीणों की अपार श्रद्धा के चलते आसपास के ग्रामीणों व भक्त लोगों सहित 36 बिरादरी के लोगों की डूंगरी वाले बालाजी महाराज की श्रद्धा में उमडी करीब 10 हजार लोगों की भीड के साथ भंडारे में प्रसादी वितरित की गई। जिसमें क्षेत्र के सभी समाज प्रमुखों व श्रद्धालुओं द्वारा महायज्ञ व भंडारे में यथा श्रद्धा सहयोग किया गया। वहीं विप्र बंधुओं व यज्ञ आए पंडितों को यथा योग्य दक्षिणा देकर सहर्ष विदाई दी गई।

- लोगों ने भंडारे में बढ़-चढ़कर प्रसादी ग्रहण की

कार्यक्रम में लोक गायन के साथ आयोजित मंच पर गौ रक्षक जितेंद्र शर्मा सहित बानसूर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में प्रत्याशी रहे पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवीसिंह शेखावत एवं जिला अध्यक्ष अलवर भाजपा उम्मेद भाया, नितेश गुर्जर, पवन सेठ, सोनी आदि कार्यकर्ता हरसोरा व पप्पू शर्मा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मुंडावर सहित हरसोरा अध्यक्ष व अन्य सभी समाज के गणमान्य प्रमुखों द्वारा कार्यक्रम में पधारे अन्य राजनीतिक लोगों का भी साफा पहनाकर सर्व समाज द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। वहीं क्षेत्र के लोगों द्वारा भंडारे में बढ-चढकर सहयोग करते भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

स्कूलों में भवन के लिए साढ़े चार करोड़ स्वीकृत

टोंक, (निसं)। राज्य सरकार ने देवली - उनियारा विधान सभा के सात स्कूलों में कक्षा कक्ष आदि के निर्माण के लिए करीब चार करोड चालीस लाख रुपये स्वीकृत किए है। यह राशि सरकार ने देवली - उनियारा विधायक हरीश चंद्र मीना की अनुशंसा पर की है।

विधायक मीना के निजी सचिव मोहम्मद असलम ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आवां के भवन निर्माण के लिए ढाई करोड रुपये, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंजर ढाणी शोप के भवन निर्माण के 30 लाख रुपये, राप्रावि दौलता पनवाड के भवन निर्माण के लिए 74 लाख रुपये, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय डाबर कला में कक्षा कक्ष,विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष एंव सामग्री,लाइब्रेरी कक्ष निर्माण के लिए 47 लाख सात हजार रुपये, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ख्वासपुरा में कक्षा कक्ष,विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष एवं सामग्री,कंप्यूटर कक्ष निर्माण के लिए 56.88 लाख रुपये स्वीकृत किए गए है।

जन संवाद कर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई

पावटा, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र विराटनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सेवा समर्पण अभियान के तहत आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तीसरे दिन पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा कुलदीप धनखड ने जन्मदिवस कार्यक्रम को 9 साल बेमिसाल जनसंवाद कार्यक्रम के रूप में मनाया।

कार्यक्रम मुख्य बस स्टैंड मैड में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच मैड संतोष कुमार मोदी ने की। कार्यक्रम के तहत कुलदीप धनखड ने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 9 वर्षों के शासनकाल में जिस प्रकार से विकास के काम किए हैं वह दुनिया में उदाहरण है केंद्र सरकार गांव, गरीब, शोषित एवं बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित है यही कारण है कि देश का गौरव विश्व पटल पर लगातार बढ रहा है। कार्यक्रम के दौरान हीरालाल स्वामी, गिर्राज शर्मा, सूरजमल भार्गव, भोलाराम मीणा उपसरपंच मेड, रामेश्वर सैनी पूरावाला, रेवडमल सैनी वार्ड पंच पूरावाला, विष्णु कुमार शर्मा, शशि प्रकाश धानका, इंद्राज रेगर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, ओमकार सैनी, सूरजमल जाट, रामकरण जाट, गुरुचरण दास महाराज, मोहन भार्गव, बोधुराम सैनी, गोविंद रातावल, रामधन मीणा, जलेसिंह जाट, महेश यादव, पूरण पारीक, बजरंग लाल स्वामी, शिभूसिंह शेखावत, सीताराम जाट, गोपाल मेहरा, रामेश्वर धोबी, मोहनलाल झिंगानिया व जनसमूह उपस्थित रहा।

पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा कुलदीप धनखड़ (दाएं) ने जन्मदिवस कार्यक्रम को 9 साल बेमिसाल जनसंवाद कार्यक्रम के रूप में मनाया।

मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेठी की बैठक

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे जनआंदोलन के अन्तर्गत मंगलवार को बैरवा धर्मशाला में जिला बनाओ कोर कमेठी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मौजूद सभी राजनैतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे। जिन्होंने मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री व रामलुभाया कमेठी पर दबाव बनाने तथा मालपुरा के अस्तित्व को बचाने के लिए जनआंदोलन को उग्र किये जाने की रणनीति बनाई गई। शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आये नागरिकों ने ग्राम पंचायत स्तर की दूदू को जिला बनाने तथा जिला बनने के सभी मापदण्ड रखने के साथ-साथ रियासत काल से जिले का औदा रखने वाले मालपुरा को जिला नहीं बनाने को लेकर राज्य सरकार के प्रति कडी नाराजगी जताई गई। साथ ही बीते दिन सांभर-फुलेरा सहित आसपास के ग्रामीणों द्वारा दूदू में शामिल होने का विरोध कर किये गये आंदोलन से बड़ा आंदोलन मालपुरा में करने को लेकर कोर कमेठी के समक्ष नागरिकों ने अपने सुझाव रखे।